प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार''

- राज्य सरकार मातृ–शिशु में कुपोषण की समस्या के समाधान के लिए शुरू करेगी 2 सौ 7 करोड़ रूपये की योजना।
- केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा– भारत टैक्सी पहल चालकों के कल्याण व यात्रियों की सुरक्षा में बनी मददगार।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी का आरोप– आरडीजी के मुद्दे पर हिमाचल के हित में नहीं भाजपा–संविधान में प्रावधान के अनुसार राज्य को मिलनी चाहिए आरडीजी।
- भाजपा ने आरडीजी को लेकर राजस्व मंत्री के बयान को बौखलाहट बताया–आरडीजी बंद होने के लिए कांग्रेस सरकार को ठहराया ज़िम्मेदार।
- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर प्रदेशभर में एक से 19 साल तक के बच्चों को दी गई एलबेंडाजोल और विटामिन ए की दवाई।

संकल्प योजना

राज्य सरकार ने प्रदेश में मातृ व शिशु के बेहतर स्वास्थ्य और कुपोषण की समस्या के समाधान के लिए 2 सौ 7 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से इंदिरा गांधी मातृ शिशु संकल्प योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस योजना के तहत प्रदेश में 2 लाख 99 हज़ार 4 सौ 88 पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं व धातृ माताओं को उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन, आवश्यक कैलोरी और महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व से युक्त पूरक पोषण उपलब्ध कराए जाएंगे।

अमित शाह–भारत टैक्सी

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत टैक्सी के सारथियों से बातचीत की। आज जारी एक वीडियो में उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी सहकारी समिति का उद्देश्य चालकों को उनके काम का स्वामित्व देकर उन्हें सशक्त बनाना है। अमित शाह ने बताया कि इस पहल का लक्ष्य निजी टैक्सी सेवा कंपनियों से जुड़ी समस्याओं को कम करना और लाभ चालकों को दिलाना है, न कि सहकारी समिति को। उन्होंने कहा कि यह पहल चालकों के कल्याण और यात्रियों की सुरक्षा के लिए एक मंच बन रही है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि आरडीजी के मुद्दे पर भाजपा हिमाचल के हित में नहीं है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद–275–एक के तहत आर्थिक रूप से कमज़ोर और विशेष रूप से अनुसूचित क्षेत्रों वाले राज्य को विशेष केंद्रीय सहायता का प्रावधान है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि हिमाचल को तब तक राजस्व घाटा अनुदान मिलना चाहिए, जब तक राज्य की वित्तीय स्थिति संतुलित नहीं हो जाती।

राकेश जमवाल

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जमवाल ने राजस्व मंत्री द्वारा आरडीजी को लेकर दिए गए बयान को उनकी बौखलाहट करार दिया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान के विषय पर विधानसभा में 3 दिन चर्चा हुई, जिसका पूरा रिकॉर्ड है। राकेश जमवाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार वित्त आयोग के सामने अपना पक्ष प्रभावी ढंग से रखने में नाकाम रही, जिससे आरडीजी बंद हुई है। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग द्वारा इस बारे में संकेत देने के बावजूद कांग्रेस सरकार अपने खर्चों पर लगाम नहीं लगा पाई और अपनी नाकामियों का ठिकरा भाजपा पर फोड़ना चाहती है।

धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। वे आज सोलन ज़िले की कोठों पंचायत में पंचायत सामुदायिक केंद्र के बैठक सभागार और नव–निर्मित सामुदायिक केंद्र कुन्दला की सुरक्षा दीवार के लोकार्पण अवसर पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस बीच स्वास्थ्य मंत्री ने नगर निगम सोलन में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण भी किए।

राष्ट्रीय कृमि दिवस

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत आज प्रदेश भर के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों सहित आंगनबाड़ी केंद्रों में एक से 19 साल तक के बच्चों को एलबेंडाजोल और विटामिन ए की दवाई दी गई। इसका उद्देश्य बच्चों के पोषण व एनीमिया में सुधार करना है।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज चम्बा में कई विकास कार्यों के उद्घघाटन किए। इनमें पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चम्बा में अतिरिक्त भवन का लोकापर्ण शामिल है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि चम्बा ज़िला के राजकीय विद्यालयों में छात्रों का नामांकन बेहतर है और सरकार विद्यालयों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

–बाइट–रोहित ठाकुर–

*एडिशनल अकॉमोडेशन की भी एक मांग थी तो आज यह कार्य संपन्न हुआ है, लगभग कोई 19– 20 लाख के आसपास की राशि इसमे व्यय हुई है तो उसको आज डेडिकेट किया गया और पूरे हिमाचल प्रदेश में जहां लगभग कोई 1988 के आसपास आपके सीनियर सेकेंडरी स्कूल्स है, लेकिन जहां चंबा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की बात आती है, यह बहुत ही प्रेस्टीजियस हमारे इंस्टीट्यूशंस है तो निश्चित रूप में हमारी प्राथमिकता ऐसे संस्थान रहेंगे, हर तरह से शिक्षा विभाग चाहे यहां पर मैन पावर, अतिरिक्त मैन पावर देने की बात हो, चाहे आधारभूत ढांचा और इन सभी बातों को लेकर विभाग के द्वारा प्राथमिकता रहेगी।*

राजेश धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की कसारू पंचायत के कूठाकर में 33 के.वी सब–स्टेशन का आज भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस विद्युत उपकेंद्र के निर्माण पर 96 करोड़ 67 लाख रूपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि इस उपकेंद्र के बनने से आगामी 25 वर्षों तक विद्युत आपूर्ति की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा।

गिरफ्तार

शिमला ज़िला के रोहडू उपमंडल के तहत पुलिस थाना चिड़गांव क्षेत्र में हुए हत्याकांड में पुलिस ने 2 नेपाली मूल के युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि इन दोनों युवकों को कुल्लू ज़िला के कसोल से गिरफ्तार किया गया और मामले की जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एक अन्य मामले में शिमला पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर झांसा देकर कनाडा का वीजा लगाने के लिए 25 लाख की धोखाधड़ी करने के मामले में चंडीगढ़ के खरड़ से एक महिला को गिरफ्तार किया है।

आईवीएफ प्रयोगशाला

पशुपालन व डेयरी विभाग के सहयोग से पालमपुर के बनूरी में स्थापित राज्य की पहली आई. वी.एफ. प्रयोगशाला ने जर्सी नस्ल में तीव्र आनुवांशिक सुधार का सफल प्रदर्शन किया है। विभाग के संयुक्त निदेशक डॉक्टर अजय चौधरी ने बताया कि अब तक लगभग 45 जर्सी व जर्सी क्रॉसब्रेड भ्रूणों का प्रत्यारोपण किया जा चुका है। आई.वी.एफ तकनीक के माध्यम से एक ही उत्कृष्ट जर्सी दाता गाय से एक वर्ष में 3 उच्च आनुवांशिक क्षमता वाले बछड़ों का जन्म हुआ है। अजय चौधरी ने बताया कि इससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि और पशुपालकों की आय में सुधार होगा।

स्की कोर्स

लाहौल–स्पिति विंटर गेम्स एंड एलाइड स्पोर्टस एसोसिएशन द्वारा 7 दिवसीय एलीमेंट्री स्की कोर्स आज केलंग में शुरू हुआ। विधायक अनुराधा राणा ने स्की कोर्स के शुभारंभ अवसर पर कहा कि लाहौल–स्पिति में शीतकालीन खेलों की अपार संभावना है और ऐसे आयोजन युवाओं को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर प्रदान करेंगे। कोर्स के दौरान युवाओं को स्कीइंग की बारीकियां सिखाई जाएंगी।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राज्य सरकार मातृ–शिशु में कुपोषण की समस्या के समाधान के लिए शुरू करेगी 2 सौ 7 करोड़ रूपये की योजना।
- केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा– भारत टैक्सी पहल चालकों के कल्याण व यात्रियों की सुरक्षा में बनी मददगार।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी का आरोप– आरडीजी के मुद्दे पर हिमाचल के हित में नहीं भाजपा–संविधान में प्रावधान के अनुसार राज्य को मिलनी चाहिए आरडीजी।
- भाजपा ने आरडीजी को लेकर राजस्व मंत्री के बयान को बौखलाहट बताया–आरडीजी बंद होने के लिए कांग्रेस सरकार को ठहराया ज़िम्मेदार।
- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर प्रदेशभर में एक से 19 साल तक के बच्चों को दी गई एलबेंडाजोल और विटामिन ए की दवाई।

..............................